Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Limited
CIN No. : U85100BR2010SGC015886

BMSICL
(A Govt. of Bihar undertaking)

पत्रांकः–BMSIC/80015/16-2019/

दिनांकः–

प्रेषक,

महाप्रबंधक (परियोजना)
बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना।

सेवा में,

Managing Director,
Uttar Pradesh Rajkiya Nirman Nigam,
Near Bank of Baroda, R. M. L Hospital,
Picup Bhawan Road, Vibhut Khand, Gomti Nagar, Lucknow, Uttar Pradesh

विषयः– श्री राम जानकी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, समस्तीपुर के भवन निर्माण कार्य के धीमी प्रगति के कारण डिबार करने के संबंध में।

प्रसंगः– इस कार्यालय का पत्रांकः–BMSIC/80015/16-2019/6171 दिनांकः–30.10.2019, क्षेत्रीय उपमहाप्रबंधक (परियोजना) का पत्रांकः–BMSIC/Samastipur/96 दिनांकः–05.01.2023, पत्रांकः–BMSIC/Samastipur/155 दिनांकः–15.03.2023, पत्रांकः–BMSIC/Samastipur/201 दिनांकः–03.05.2023, पत्रांकः–BMSIC/Samastipur/358 दिनांकः–05.09.2023 पत्रांकः–BMSIC/Samastipur/345 दिनांकः–31.05.2024, पत्रांकः–BMSIC/80015/16-209/2053 दिनांकः–13.06.2024 एवं पत्रांकः–BMSIC/80015/16-209/3050 दिनांकः–08.07.2024

महाशय,

उपरोक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र के माध्यम से निविदा निष्पादन के पश्चात् विषयांकित कार्य का कार्यादेश दिनांकः–30.10.2019 को निर्गत किया गया। कार्यादेश के अनुसार कार्यपूर्णता की अवधि दिनांकः–29.10.2022 तक निर्धारित थी, परंतु बाधामुक्त भूखंड एवं नक्शा अनुपलब्धता रहने के कारण दिनांकः–29.04.2023 तक बिना विलंब दण्ड के साथ अवधि विस्तार प्रदान की गई, फिर भी अभी तक कार्य पूर्ण नहीं कराया गया। कार्य को पूर्ण करने हेतु कई बार वरीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर, महाप्रबंधक (परियोजना) एवं क्षेत्रीय उपमहाप्रबंधक (परियोजना), समस्तीपुर के द्वारा निदेशित करते हुए स्पष्टीकरण की मांग की गई, जिसका जवाब आपके द्वारा अनावश्यक कारणों का उल्लेख करते हुए समर्पित किया गया, जो संतोषजनक नहीं है। कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु इस कार्यालय का पत्रांकः–2493 दिनांकः–24.06.2024 एवं पत्रांकः–3050 दिनांकः–08.07.2024 के माध्यम से अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के साथ प्रबंध निदेशक महोदय के बैठक में भाग लेने हेतु निदेशित किया गया, परंतु आपके द्वारा वरीय पदाधिकारी के निदेश की अवहेलना करते हुए बैठक में भाग नहीं लिया गया, न हीं कार्य की प्रगति बढाई गई, जिससे प्रतीत होता है कि आप कार्य के प्रति लापरवाह एवं कार्य को पूर्ण करने हेतु इच्छुक नहीं है। अद्यतन काम की गति काफी धीमी है और बार–बार निदेश के पश्चात् भी कार्य नहीं किया जा रहा है, जिससे सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी परियोजना पूर्ण नहीं हो पा रही है।

अतः उपरोक्त लापरवाही के कारण बिहार ठेकेदारी नियमावली, 2007 के कंडिका 11 (क) (vi) के अनुसार आपके फर्म को संपूर्ण कार्य पूर्ण करने तक अथवा दो वर्षों के लिए किसी भी निविदा में भाग लेने से वंचित करते हुए डिबार किया जाता है।

विश्वासभाजन
ह0/–
महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः–BMSIC/80015/16-2019/

दिनांकः–

प्रतिलिपिः– उपाधीक्षक, श्री राम जानकी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः—BMSIC/80015/16-2019/
प्रतिलिपिः— सिविल सर्जन, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। दिनांकः—

ह0 / —

महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः—BMSIC/80015/16-2019/
प्रतिलिपिः— जिला पदाधिकारी, समस्तीपुर को सादर सूचनार्थ समर्पित। दिनांकः—

ह0 / —

महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः—BMSIC/80015/16-2019/
प्रतिलिपिः— अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, सचिव, भवन निर्माण विभाग, अपर मुख्य सचिव, जल संसाधन विभाग, अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम लि0, प्रबंध निदेशक, बिहार भवन निर्माण निगम लि0, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लि0, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम लि0, प्रबंध निदेशक, आधारभूत संरचना निगम लि0, प्रबंध निदेशक, बिहार शहरी आधारभूत सरंचना विकास निगम लि0, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित। दिनांकः—

ह0 / —

महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः—BMSIC/80015/16-2019/
प्रतिलिपिः— प्रबंध निदेशक, बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना को सादर सूचनार्थ समर्पित। दिनांकः—

ह0 / —

महाप्रबंधक (परियोजना)

ज्ञापांकः—BMSIC/80015/16-2019/ 4037
प्रतिलिपिः— श्री रोहित कुमार, प्रबंधक (सिस्टम), बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि उक्त पत्र को बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना के वेबसाइट पर अपलोड करें। दिनांकः— 09/08/2024

09.8.24

महाप्रबंधक (परियोजना)